भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1087**

उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

**कैंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या**

1087. **श्री कौशलेन्द्र कुमार:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्थापित/स्थापित किए जा रहे केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ख) उक्त विश्वविद्यालयों में स्वीकृत शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की कुल संख्या तथा उक्त पदों पर नियुक्तियों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार का राज्य सरकारों के अनुरोध पर नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार के पास कितने अनुरोध लंबित हैं?

उत्तर

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क): शिक्षा मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में 48 केंद्रीय विश्वविद्यालय (47 केंद्रीय विश्वविद्यालय नियमित रूप में संचालित हैं और एक केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्थात इग्नू दूरस्थ शिक्षा मोड में संचालित है) हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार सूची संलग्न है।

(ख): केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार 18940 स्वीकृत शिक्षण पद और 35640 स्वीकृत गैर-शिक्षण पद हैं। रिक्तियों का होना और उनका भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। ये रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं; पदों को भरने का दायित्व केंद्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) का है, जो संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और उनके तहत बनाए गए अधिनियमों और संविधियों/अध्यादेशों/विनियमों के उपबंधों द्वारा शासित हैं।

शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमित रूप से संस्थानों में भर्ती की निगरानी करते हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को नियमित रूप से रिक्तियों को भरने का निदेश दिया गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सितंबर 2022 में शुरू किए गए विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से 11080 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण पद भरे गए हैं। यूजीसी ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्तियों/विज्ञापनों/नौकरियों की सूची के लिए एक साझा मंच प्रदान करने हेतु दिनांक 02.05.2023 को सीयू-चयन नामक एक एकीकृत भर्ती पोर्टल शुरू किया है।

(ग) और (घ) : केंद्रीय विश्वविद्यालयों के संबंध में क्षेत्र के अन्य संस्थानों को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए अनुकरणीय संस्थानों के रूप में कार्य करने की परिकल्पना की गई है। इसलिए, गोवा को छोड़कर प्रत्येक राज्य में कम से कम एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) द्वारा अनुमोदित 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के दौरान उच्च शिक्षा प्रणाली के समेकन पर बल दिया गया था। मुख्य रूप से नए संस्थानों की स्थापना के स्थान पर मौजूदा संस्थानों की क्षमता को बढ़ाकर विस्तार किया जाना था। इसके अतिरिक्त, चूंकि 'शिक्षा' एक समवर्ती विषय है, इसलिए राज्य सरकारें भी अपने-अपने राज्यों में उच्च शिक्षा तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न पहलें कर रही हैं। वर्तमान में, राज्य सरकार की ओर से नये केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव में विचाराधीन नहीं है।

*****

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा 'केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या' के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1087 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची

| क्रमांक | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, अनंतपुरम, आंध्र प्रदेश |
| 2. | | आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, कोंडाकरकम, गांव विजयनगरम, आंध्र प्रदेश |
| 3. | | राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति, आंध्र प्रदेश |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | राजीव गांधी विश्वविद्यालय, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश. |
| 5. | असम | असम विश्वविद्यालय, सिलचर, असम |
| 6. | | तेजपुर विश्वविद्यालय, असम |
| 7. | बिहार | दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया, बिहार |
| 8. | | महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार |
| 9. | छत्तीसगढ़ | गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़। |
| 10. | दिल्ली | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| 11. | | जामिया मिलिया इस्लामिया, जामिया नगर, नई दिल्ली |
| 12. | | जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| 13. | | दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| 14. | | केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| 15. | | श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| 16. | गुजरात | गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात |
| 17. | हरियाणा | हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़, हरियाणा |
| 18. | हिमाचल प्रदेश | हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश |
| 19. | जम्मू और कश्मीर | जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, सांबा, जम्मू और कश्मीर। |
| 20. | | कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर। |
| 21. | झारखंड | झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड |
| 22. | कर्नाटक | कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुलबर्गा, कर्नाटक |
| 23. | केरल | केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय, कासरगोड, केरल |
| 24. | लद्दाख | सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय, लद्दाख. |
| 25. | मध्य प्रदेश | डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश |
| 26. | | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश |
| 27. | महाराष्ट्र | महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र |
| 28. | मणिपुर | मणिपुर विश्वविद्यालय, इंफाल, मणिपुर |
| 29. | मिजोरम | मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल, मिजोरम |

| | | |
|---|---|---|
| 30. | मेघालय | पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग, मेघालय |
| 31. | नागालैंड | नागालैंड विश्वविद्यालय, नागालैंड। |
| 32. | ओडिशा | ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट, ओडिशा। |
| 33. | पांडिचेरी | पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पुदुचेरी। |
| 34. | पंजाब | पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा, पंजाब। |
| 35. | राजस्थान | राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान। |
| 36. | सिक्किम | सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक, सिक्किम। |
| 37. | तमिलनाडु | तमिलनाडु केन्द्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवरुर, तमिलनाडु। |
| 38. | **तेलंगाना** | अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना। |
| 39. | | मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना. |
| 40. | | हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना। |
| 41. | | सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, मुलुगु, तेलंगाना। |
| 42. | त्रिपुरा | त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला, त्रिपुरा। |
| 43. | उत्तराखंड | हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, गढ़वाल, उत्तराखंड। |
| 44. | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश। |
| 45. | | बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ.प्र. |
| 46. | | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, यू.पी. |
| 47. | | इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र. |
| 48. | पश्चिम बंगाल | विश्व भारती, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल |

*****